मंगलवार

11 अप्रैल, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




भोजपुर में मामूली विवाद में मारपीट के बाद ममेरे भाई को मार दी गोली 2


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


### कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की समीक्षा बैठक

# भीड़ वाली जगहों पर मास्क लगाएं: सीएम

- अस्पतालों में मरीजों के इलाज की पूरी व्यवस्था रखें
- अस्पतालों में सभी प्रकार की दवायें व उपकरण उपलब्ध रखें
- कोरोना से बचने के लिए सभी को अलर्ट रहना होगा

**अधिकारियों को निर्देश- राज्य में अधिक से अधिक टेस्टिंग करायें | सीएम बोले- कोरोना वैक्सीन उपलब्ध नहीं करा रहा केंद्र | वैक्सीन खरीदकर लोगों का कराया जाएगा टीकाकरण**



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुछ राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। पिछले दो-तीन दिनों से बिहार में भी कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े हैं। बिहार में अभी भी प्रतिदिन कोरोना की बड़ी संख्या में टेस्टिंग हो रही है। अभी पूरे देश में कोरोना की जितनी जांच हो रही है उसकी एक तिहाई जांच बिहार में हो रही है। देश में 10 लाख की आबादी पर कोरोना की औसत जांच 6 लाख के करीब है जबकि बिहार में 10 लाख की आबादी पर कोरोना की औसत जांच 8 लाख से ज्यादा हो रही है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि पूरे राज्य में अधिक से अधिक टेस्टिंग करायें। जितनी अधिक जांच होगी, कोरोना संक्रमण के मामलों का पता चलेगा। कोरोना के मामले घटे या बढ़े कोरोना की निरंतर जांच जारी रखें। अस्पतालों में मरीजों के इलाज की पूरी व्यवस्था रखें। अस्पतालों में सभी प्रकार की दवायें एवं उपकरण उपलब्ध रखें। ऑक्सीजन की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लोग मास्क का प्रयोग करें।

### राज्य के सभी अस्पतालों में करायें मॉक ड्रिल

सभी को अलर्ट और एक्टिव रहना होगा। राज्य के सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल करायें एवं सभी प्रकार की तैयारियां रखें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना की वैक्सीन उपलब्ध नहीं करायी जा रही है, इसको ध्यान में रखते हुये राज्य सरकार अपनी तरफ से कोरोना वैक्सीन खरीदकर लोगों का टीकाकरण जारी रखेगी। बैठक में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह उपस्थित थे।

## आईजीआईएमएस में हुआ मॉक ड्रिल

**पटना।** कोरोना के लगातार बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सोमवार को पटना के आईजीआईएमएस में मॉक ड्रिल कराया गया। आईजीआईएमएस के डायरेक्टर मनीष मंडल ने बताया कि संक्रमण को लेकर अस्पताल प्रशासन तैयार है। मरीजों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मॉक ड्रिल से बताने की कोशिश की गई कि कोरोना संक्रमित मरीजों के आने पर उनका किस तरह से इलाज किया जाएगा। इस दौरान मशीनों को भी देखा गया कि वह ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं।

**प्रदेश में 145 एक्टिव केस:** बिहार में कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। रविवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, 24 घंटे में प्रदेश में 42 नए केस मिले हैं। इसके साथ ही प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 145 हो गई है। 42 नए केसों में सिर्फ पटना में सबसे ज्यादा 14 मरीज पाए गए हैं। लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को आई रिपोर्ट के अनुसार 49 हजार 369 लोगों की जांच की गई है जिसमें से 42 लोग संक्रमित मिले हैं।

## अब राष्ट्रीय पार्टियां नहीं रहीं तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी और सीपीआई

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी और सीपीआई से नेशनल पार्टी का दर्जा वापस ले लिया है। इन तीनों पार्टियों का वोट शेयर देशभर में 6 प्रतिशत से कम हुआ है। इसके अलावा राष्ट्रीय लोक दल से राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा भी वापस ले लिया है। चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी को नेशनल पार्टी का दर्जा दिया है। नेशनल पार्टी के लिए आप को गुजरात या हिमाचल में 6% से ज्यादा वोट शेयर पाने की जरूरत थी। गुजरात में आप को करीब 13% वोट शेयर मिला है। ऐसे में वह नेशनल पार्टी बन गई है। किसी पार्टी को नेशनल पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए लोकसभा या विधानसभा चुनाव में चार राज्यों में 6% वोट हासिल करना जरूरी होता है। आप इससे पहले 3 राज्यों दिल्ली, पंजाब और गोवा में 6% से ज्यादा वोट शेयर हासिल कर चुकी है। उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल पश्चिम बंगाल में रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी और आंध्र प्रदेश में भारत राष्ट्र समिति का राज्य पार्टी का दर्जा दिन गया है। वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को नगालैंड में, टिपरा मोथा पार्टी को त्रिपुरा में, मेघालय में वॉइस ऑफ द पीपुल पार्टी को राज्य पार्टी की मान्यता मिली है।

# बिहार में शिक्षक बहाली की नई नियमावली को मंजूरी

### कैबिनेट की बैठक में छह एजेंडों पर लगी मुहर

- नई नियमावली के तहत नियुक्त किए गए शिक्षक अब राज्य कर्मी की श्रेणी में आएंगे
- शिक्षकों की नियुक्ति अब राज्य सरकार आयोग के माध्यम से परीक्षा लेकर करेगी
- राज्य के कर्मियों का महंगाई भत्ता चार फीसदी बढ़ा

**केटी न्यूज/पटना**

कैबिनेट की बैठक में सोमवार को कुल छह एजेंडों पर मुहर लगी है। नए वित्तीय वर्ष में बिहार कैबिनेट की पहली मीटिंग में नई शिक्षक नियमावली को मंजूरी मिली है। इस नई नियमावली से राज्य में तीन लाख के आसपास शिक्षक अभ्यर्थियों को फायदा मिलेगा। सातवें फेज की शिक्षक नियमावली पर मुहर लगने के साथ राज्य के कर्मियों के महंगाई भत्ता में वृद्धि हुई है। पहले 38 फीसद था जो अब चार फीसद बढ़कर 42 हो गया है। एक जनवरी 2023 से यह लागू हो जाएगा. राज्य के कर्मचारियों के साथ पेंशनभोगियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

कैबिनेट सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा कि नई नियमावली का नाम होगा 'बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति स्थानांतरण अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवा शर्त) नियमावली 2023। इस नियमावली के तहत अब जो भी नियुक्ति राज्य सरकार शिक्षकों की करेगी वह अब राज्य कर्मी होंगे, यानी राज्य सरकार के कर्मी होंगे। एस सिद्धार्थ ने कहा कि इससे पूर्व राज्य में पंचायत शिक्षक, पंचायत समिति शिक्षक, जिला परिषद के शिक्षक और नगर निकाय के स्थानीय निकाय के शिक्षक हुआ करते थे. अब जो भी नई नियुक्ति होगी वह राज्य सरकार करेगी. राज्य सरकार नियुक्ति के लिए आयोग के माध्यम से परीक्षा लेगी।

शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि अब शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाएगा। आकर्षक वेतन के साथ सभी सुविधाएं दी जाएंगी। जो नियोजित शिक्षक हैं उन्हें आयोग के माध्यम से परीक्षा पास करनी होगी, फिर वे भी नियमित शिक्षक बन जाएंगे। सवा दो लाख के आसपास अभी शिक्षकों की भर्ती होगी और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीसरे और चौथे श्रेणी में 40-50 हजार बहाली होगी।

# मुख्यमंत्री ने 47 लोगों की सुनी फरियाद, कार्रवाई का दिया निर्देश



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को जनता के दरबार कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 47 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। मधेपुरा जिला से आए एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में विशेष चिकित्सकों की कमी है, इसको लेकर इलाज में दिक्कत होती है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गोपालगंज और मुजफ्फरपुर जिला से आये छात्र-छात्रा ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मैंने वर्ष 2018 में मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास किया था लेकिन अभी तक प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बांका जिला से आयी एक महिला ने कहा कि मेरे पति का निधन वर्ष 2021 में कोरोना से हो गया था लेकिन अनुग्रह राशि अभी तक नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को इस पर समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भोजपुर से आयी एक महिला ने कहा कि विद्यालय में कार्यरत मेरे पति की मृत्यु होने के बाद अनुकंपा पर नौकरी अभी तक नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

## यूपी में 4 और 11 मई को निकाय चुनाव के लिए होगा मतदान

**लखनऊ।** यूपी निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। 4 मई और 11 मई को मतदान होगा। 13 मई को रिजल्ट आएगा। पहले चरण में 11 से 17 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा होंगे। 20 अप्रैल को नाम वापसी होगी। वहीं, दूसरे चरण में 17 से 24 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा होंगे। 27 अप्रैल को नाम वापसी होगी। इससे पहले निकाय चुनाव आरक्षण की नई लिस्ट जारी हुई। 232 आपत्तियों के निस्तारण के बाद अधिसूचना जारी की गई। इसके बाद आचार संहिता लागू हो गई है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि नगर निगम का चुनाव इवीएम से होंगे। जबकि नगर पंचायत का चुनाव बैलेट पेपर से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूपी में कुल 760 निकाय हैं। इसमें 17 नगर निगम, 199 नगर पालिका और 544 नगर पंचायत हैं। प्रदेश के 760 नगरीय निकाय में 14,684 पदों पर चुनाव होगा। 17 महापौर और 1420 पार्षद के चुनाव एश्ट से होंगे। बाकी पदों पर बैलट पेपर से मतदान होगा।

# मोहनिया में अनियंत्रित ट्रक ने आठ लोगों को रौंदा, दो की मौत



**केटी न्यूज/मोहनिया**

मोहनिया के सबसे व्यस्ततम माने जाने वाले चांदनी चौक में सोमवार की दोपहर एक ट्रक ने आठ लोगों को कुचल दिया। हादसे में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। छह घायलों में से चार लोगों को वाराणसी रेफर किया गया है। दो लोगों का इलाज मोहनिया अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि ब्रेक फेल होने की वजह से हादसा हुआ है।

घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। दंगा नियंत्रण वाहन को भी बुलाया गया। स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया गया। घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जुटी थी। ट्रक पर धान लदा था. चांदनी चौक पर दिन में बड़े वाहनों के लिए नो एंट्री है। इसके बावजूद चालक ट्रक लेकर घुस गया।

मृतकों की पहचान ठाकुर दयाल जायसवाल और मानसी पासवान के रूप में की गई है। ग्रामीण तुलसी गुप्ता ने बताया कि ट्रक रामगढ़ रोड की तरफ से आ रहा था। ओवरब्रिज से नीचे चांदनी चौक की तरफ उतरने के बाद भी चालक ने स्पीड कम नहीं किया. ट्रक के चालक ने बाइक, टेंपो और ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। पैदल चलने वालों को भी कुचल दिया और भभुआ वाले रोड में बढ़ गया।

## 'बंगाल में हिंसा के पीछे ममता बनर्जी की विफलता जिम्मेदार'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रामनवमी जूलूस के दौरान हुई हिंसा के मामले में एनएचआरसी की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर कई सवाल खड़े किए। इस टीम के चीफ रिटायर्ड जस्टिस एल नरसिम्हा रेड्डी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के हावड़ा और हुगली में हुई हिंसा के पीछे सीएम ममता बनर्जी की विफलता जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने सारे नियमों का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि सीएम ममता की विफलता की वजह से राज्य में हिंसा हुई। बता दें कि बीते हफ्ते जब एनएचआरसी की टीम पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की जांच करने हुगली पहुंची थी तो बंगाल पुलिस ने उसे आगे बढ़ने से रोक दिया था।






### बहुजन समाज पार्टी प्रमुख ने अगले महीने यूपी में होने वाले चुनाव के लिए राज्य सरकार व अधिकारियों से की मांग

# नगर निगम चुनाव ईवीएम से नहीं, मत पत्रों से करायें: मायावती

**एजेंसी/लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने सोमवार को राज्य में नगरीय निकायों के चुनाव में नगर निगम के चुनाव भी मत पत्र से कराने की मांग की है। मायावती ने कहा, नगर निगम का चुनाव ईवीएम से नहीं बल्कि मत पत्रों से ही करायें। इसके अलावा चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष कराये जायें। यह सरकार से और संबंधित अधिकारियों से हमारी मांग है। राज्य चुनाव आयुक्त मनोज कुमार के अनुसार 17 महापौर, 1420 पार्षद का चुनाव ईवीएम से होगा, जबकि नगर पालिका परिषदों के 199 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषदों के 5327 सदस्य, नगर पंचायतों के 544 अध्यक्ष और नगर पंचायतों के 7178 सदस्यों के निर्वाचन के लिये चुनाव मत पत्र के जरिए होगा।



मायावती ने कहा कहा, बसपा ने यह चुनाव पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ने का फैसला किया है ताकि प्रदेश में नगर निकाय स्तर पर सही लोग चुनकर जा सकें और फिर वे सर्वसमाज में से विशेषकर गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों, मुस्लिम और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों के हितों का हर मामले में पूरा-पूरा ध्यान रखने की जिम्मेदारी निभा सकें। उन्होंने कहा कि निकाय स्तर पर भी जागरूक, निर्भीक, योग्य और ईमानदार जनप्रतिनिधि चुनने की सख़्त जरूरत है जिसमें खासकर गरीबों, दलितों, पिछड़ों व मुस्लिम और अन्य अक्लियतों आदि को भी अपनी अहम भूमिका निभानी होगी।

### भाजपा की सोच, नीति, नीयत व ट्रैक रिकार्ड को बताया द्वेषपूर्ण

मायावती ने कहा कि यदि ये नगर निकाय के चुनाव सरकारी द्वेष, पक्षपात व अनुचित दखलन्दाजी आदि से मुक्त और पाक-साफ होकर चुनाव की प्रक्रिया को सही से लागू करके कराये गये, तो फिर इस चुनाव का महत्त्व खासकर यूपी के नगर विकास व यहां के लोगों की उन्नति एवं स्थानीय स्तर पर रोटी-रोजी में भी काफी सहायक सिद्ध हो सकता है। बसपा नेता ने कहा कि विरोधी पार्टियों में भी विशेषकर भाजपा के लोग, सपा राज की तरह ही, इस चुनाव में अनेक प्रकार के हथकंडे अपनाने और हर प्रकार के जोड़तोड़ आदि करने में लगे हैं। इसके तहत अब यहां इनकी संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ की खातिर पसमान्दा मुस्लिम समाज का राग आपना भाजपा और आरएसएस का नया शिगुफा बनकर लोगों के सामने आ रहा है, जबकि मुस्लिम समाज वास्तव में पहले मुसलमान है और उनके प्रति भाजपा की सोच, नीति, नीयत व उनका ट्रैक रिकार्ड कितना द्वेषपूर्ण तथा घातक है यह किसी से भी छिपा नहीं है।

## कोरोना के दस्तक के साथ स्वास्थ्य विभाग सतर्क, जिला से लेकर प्रखंड स्तर पर तैयारी शुरू

# कोरोना संक्रमण से निपटने की तैयारियों के आकलन को सदर अस्पताल में हुई मॉक ड्रिल

**केटी न्यूज/सासाराम**

देश में एक बार फिर कोरोना का संक्रमण रफ्तार पकड़ने लगा है। देश के कई राज्यों के साथ-साथ कई जिलों में संक्रमण के मामले सामने आए हैं। ऐसे में केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए एक बार फिर तैयारियों में जुट गई है। इसी के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति के दिशा निर्देश पर रोहतास जिला सदर अस्पताल में कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल के दौरान सासाराम सदर अस्पताल स्थित ऑक्सीजन प्लांट में ऑक्सीजन के निर्माण, उसकी प्रचुरता के साथ-साथ ऑक्सीजन पाइप लाइनों से ऑक्सीजन के बहाव व दबाव की गहन जांच की गयी। साथ ही साथ आपातकालीन स्थिति में कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए सदर अस्पताल में बनाए गए 16 बेड़ों के स्पेशल वार्ड का भी निरीक्षण करके तैयारियों का जायजा लिया गया।





■ मॉक ड्रिल के दौरान ऑक्सीजन प्लांट, कोविड वार्ड सहित आपातकालीन स्थिति से निपटने को लेकर लिया गया जायजा

**जिले में मिले हैं चार कोरोना संक्रमित मरीज :** देश के कई जिलों के साथ-साथ रोहतास जिले में भी कोरोना संक्रमण ने दस्तक दे दी है। जिले में कोरोना संक्रमण के मरीज मिलने के बाद जिला स्वास्थ्य समिति के कान खड़े हो गए और अधिक से अधिक कोरोना जांच करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। रोहतास जिले में पिछले वर्ष 30 अक्टूबर को अंतिम कोरोना का मरीज पाया गया था। लगभग 5 महीने बाद 2 दिन पूर्व जिले में चार संक्रमित मरीज पाए गए। सभी संक्रमित मरीजों को फिलहाल होम आइसोलेशन के तहत रखा गया है। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को जिले में कुल 523 लोगों की कोरोना जांच की गयी। इस दौरान एक भी व्यक्ति में संक्रमण नहीं पाया गया। फिलहाल जिले में एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या 4 बताई जाती है।

**संक्रमण को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति अलर्ट :** डीपीएम अजय कुमार ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण के मामले को देखते हुए एहतियात बरती जा रही है। साथ ही साथ राज्य स्वास्थ्य समिति के दिशा निर्देश पर मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान संक्रमण से निपटने के लिए सभी विधि व्यवस्थाओं को देखा गया। उन्होंने बताया कि संक्रमण से निपटने के लिए जिला सदर अस्पताल पूरी तरह से तैयार है। जो भी कमी रह गई है उसे भी दुरुस्त किया जा रहा। डीपीएम ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट से निकलने वाली ऑक्सीजन पाइपलाइन के माध्यम से सभी बेडों तक ऑक्सीजन पहुंचायी जा रही है। फामेर्सी महाविद्यालय में स्पेशल कोविड वार्ड बनाया गया है। जिसमें सभी बेडों पर ऑक्सीजन पाइप लाइन सप्लाई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल फामेर्सी महाविद्यालय में नेत्र शिविर लगाया गया है। इस वजह से फामेर्सी अस्पताल स्थित कोविड वार्ड का भ्रमण नहीं किया जा सका। परंतु विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति पूरी तरह से तैयार है। मौके पर डब्ल्यूएचओ के एसएमओ, महामारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक सहित अन्य मौजूद रहे।

## तीन शो-रूम में चोरों ने की 15 लाख से अधिक की चोरी

**गया।** बोधगया के तीन अलग-अलग शो-रूम से चोरों ने लाखों रुपये नगद और सामान चुरा लिए। चोरी की घटना के शिकार लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एक-एक कर सभी दुकानों का जायजा लिया और मामले के जांच में जुट गई है। रविवार को महाबोधि मंदिर के पास स्थित दुकानों की घटना घटी है। सोमवार को तीनों दुकान के मालिक आए तो शॉप की हालत देखकर हैरान हो गए। पीड़ित दुकानदार अपनी दुकान का हाल देख सकते में पड़ गए हैं। चोरी की घटना ई रिक्शा शो रूम उन्नति इंटर प्राइजेज, भगत इंटरप्राइजेज और शशि इंटर प्राइजेज में हुई है। कुल मिला कर 15 लाख रुपये नगद समेत सामान की चोरी हुई है। उन तीन में से एक शशि इंटर प्राइजेज का सीमेंट के कारोबार से ताल्लुक रखते हैं।

मामले में सबसे खास बात यह भी है कि यह सभी दुकानें बोधगया मुख्य सड़क के किनारे ही स्थित हैं। यह क्षेत्र महाबोधि मंदिर की सुरक्षा की वजह विशेष घेरे में आता है। यहां 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था सक्रिय रहती है। बावजूद इसके बीती रात यानी रविवार को पुलिस की सारी सुरक्षा व्यवस्था को धत्ता बताते हुए चोर तीन दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित दुकानदारों ने अपनी अपनी तहरीर भी थाना में दी है। शशि इंटरप्राइजेज व उन्नति इंटरप्राइजेज के मालिक का कहना है कि टीन शेड की छत को तोड़ कर चोर सामान और नगदी तीन से चार ले गए गैं। वहीं, दूसरी ओर भगत इंटर प्राइजेज का कहना है कि दुकान खोलने के लिए सुबह जब पहुंचे तो पाया कि पीछे से दीवार और शटर तोड़ कर चोर लाखों रुपये चुरा ले गए हैं। यही हाल शशि इंटर प्राइजेज का है।

## भोजपुर में मामूली विवाद में मारपीट के बाद अगली सुबह ममेरे भाई को मार दी गोली, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चांदी थाना क्षेत्र के स्थानीय चांदी गांव में सोमवार की सुबह मामूली में एक युवक ने अपने ममेरे भाई को गोली मार दी गयी। गोली उसके दाहिने पैर में घुटने के पास लगी है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक चांदी थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी धीरज सिंह का 39 वर्षीय पुत्र गोपाल सिंह है। वह गाड़ी वाशिंग का काम करता है। जख्मी गोपाल सिंह ने बताया कि उसका ममेरा भाई प्रकाश अक्सर उसके पास आते रहता है। दोनों साथ बैठकर खाते-पीते हैं।



♦ पार्टी करने के दौरान नशे की हालत में हुई थी ममेरे भाई से मारपीट, छोटे ने मारी गोली

रविवार की शाम भी दोनों साथ में बैठकर खा-पी रहे थे। उसी दौरान दोनों में विवाद हो गया। दोनों एक-दूसरे का गला दबाने लगे। उस दौरान मारपीट भी हुई। उसमें उसके ममेरे भाई को चोटें भी आयी थी। उसके बाद उसने उसका इलाज भी कराया और उसके ठिकाने तक पहुंचा दिया। सोमवार की सुबह प्रकाश का भाई पुष्कर अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से उसके घर आया और उसे बुला कर ले गया। उस दौरान पुष्कर ने पूछा कि उसके भाई को क्यों मारा? उसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी होने लगी। उसी बीच पुष्कर द्वारा उसके पैर में गोली मार दी गयी। उसके बाद वह भागने लगा। तब पुष्कर द्वारा दुबारा भी फायरिंग की गई, लेकिन वह उसे गोली नहीं लगी। घटना के बाद सभी भाग गये। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और अपने स्तर से छानबीन की। अस्पताल जाकर जख्मी से भी घटना की जानकारी ली। पुलिस घटना में शामिल सभी की पहचान और धरपकड़ में जुटी है।

**गोली से घुटने की ज्वाइंट नली डैमेज :** वहीं युवक का इलाज कर रहे डॉ. विकास सिंह ने बताया कि उसके घुटने के जोड़ के पास गोली लगी थी। उसके कारण घुटने की ज्वाइंट नली डैमेज हो गयी थी। खून काफी भाग गया था। डैमेज नली का रिपेयर कर दिया गया है और खून को भी सिक्योर कर दिया गया है। मरीज की स्थिति फिलहाल ठीक है।

## 180 गर्भवतियों की शिविर में हुई जांच

**सासाराम।** सदर अस्पताल में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 180 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं को उचित परामर्श दिया गया। जच्चा-बच्चा के सुरक्षा के लिए गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व हर महिनें जांच कराने की सलाह चिकित्सकों ने दी गई। शिविर में भीड़ के कारण जांच कराने पहुंची गर्भवती महिलाओं को लंबे समय तक कतार में खड़ा रहना पड़ा।

शिविर लगाकर चिकित्सक डॉ. मणी कुमारी ने गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की। साथ हीं उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। गर्भवती महिलाओं को फल व पौष्टिक आहार लेने को कहा गया। साथ हीं सावधानियां बरतने को कहा गया। चिकित्सक ने कहा कि अत्यधिक रक्तस्त्राव से महिला की जान जाने की संभावना सबसे अधिक होती है।

## शराब पीने के मामले में सहायक पर अनिवार्य सेवानिवृति की हुई कार्रवाई

**केटी न्यूज/सासाराम**

शराब सेवन मामले में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कोचस प्रखंड कायार्लीय में कार्यरत संतोष कुमार सिंह के विरुद्ध अनिवार्य सेवानिवृति की कार्रवाई की है। डीएम के इस कार्रवाई से कलेक्ट्रेट संवर्ग के अन्य कर्मियों में हड़कंप मच गया है। डीएम का नये वित्तीय वर्ष में यह पहली कार्रवाई मानी जा रही है। यानी अब कार्रवाई का शिलशिला शुरू हो चुका है।

जिलाधिकारी ने बिहार सरकारी सेवक नियमावली-2005 के नियम 14 (9) के तहत आदेश निर्गत की तिथि से उक्त तत्कालिन लिपिक प्रखंड कार्यालय अकोढ़ीगोला सम्प्रति प्रखंड कार्यालय कोचस को वर्ष 2018 में शराब सेवन एवं शराबबंदी लागू नियमों के उलंघन के आरोप में अनिवार्य सेवानिवृति की कार्रवाई की गई। इस मामले में पूर्व में विभागीय कार्रवाई भी चल रही थी। विभागीय कार्रवाई के संचालन पदाधिकारी के द्वारा आरोप को सत्य पाया गया। श्रीसिंह का नियुक्ति 28 अक्टूबर 1994 को हुई थी। वे कैमूर जिला के मोहनिया थाना अतंर्गत पकड़िहार गांव के निवासी हैं। उन्हें पूर्व में इसी मामले में निलंबन की कार्रवाई की गई थी। लेकिन, जांच के दौरान जांच अधिकारी के द्वारा दोष सहीं पाया गया। जिसके वजह से डीएम ने उक्त कार्रवाई की है।

## बोधगया स्थित पवित्र बोधि वृक्ष में निकली नई रंग-बिरंगी पत्तियां, पेड़ पूरी तरह स्वस्थ

**केटी न्यूज/गया**

बोधगया में इन दिनों श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल है। बताया जा रहा कि जिस पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे छांव में भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था, उसमें नई पत्तियां निकल आईं हैं। इससे प्रतीत हो रहा कि पवित्र बोधिवृक्ष पूरी तरह से स्वस्थ्य है। बोधि वृक्ष में कई प्रकार की पत्तियां निकल रही। बताया गया कि कई पत्ती नीले रंग की हैं तो कुछ सुर्ख लाल हैं। कई पत्तियां गुलाबी रंग की भी दिख रहीं। ये सभी रंग कुछ दिनों में गहरे हरे रंग के नजर आने लगेंगे। इन नई पत्तियों को देख श्रद्धालुओं के बीच काफी उत्साह है।



वे बहुत खुश हैं। करोड़ों बौद्ध अनुयायियों के लिए यह सुखद संदेश है क्योंकि इस बोधिवृक्ष के नीचे शीतल और पवित्र छांव में बैठककर लाखों बौद्ध श्रद्धालु ध्यान और साधना करतें हैं।

पवित्र बोधिवृक्ष के हेल्थ चेकअप की जिम्मेदारी फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून के पास है। इस वृक्ष का हेल्थ चेकअप हर तीन-चार महीने की अवधि पर किया जाता है। आवश्यकता के अनुसार इसका ट्रीटमेंट भी किया जाता है। साथ ही इसकी मेडिकल रिपोर्ट भी तैयार की जाती है, जिस पर लगातार अध्ययन चल रहा है। नई पत्तियों के आगमन से खुशी का संचार न केवल बौद्ध श्रद्धालुओं के बीच है बल्कि यहां के लोगों के बीच भी है। हालांकि यह लीन सीजन है। बताया जाता है कि गया में इस समय विदेशी पर्यटकों की आवाजाही न के बरारबर ही होती है। बावजूद इसके जो भी पर्यटक यहां आ रहे सभी नई पत्तियों को देखकर गदगद हैं। वे पत्तियों को बार-बार काफी देर तक निहार रहे हैं।

## शिशु का बीसीजी टीकाकरण जरूरी, टीबी संक्रमण से रखता है सुरक्षित

# कुपोषित बच्चों में टीबी का जोखिम अधिक, 60%मामले फेफड़ों के

● लक्षणों की पहचान कर करायें इलाज, नियमित दवा सेवन जरूरी

**केटी न्यूज/गया**

टीबी एक संक्रामक रोग है। यह रोग संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से फैलता है। खांसने या छींकने से मुंह और नाक से निकलने वाली बूंदों में मौजूद बैक्टीरिया स्वस्थ्य व्यक्ति तक पहुंच कर उसे संक्रमित करता है। बच्चों में भी टीबी यानि ट्यूबरक्लोसिस संक्रमण की संभावना होती है। स्वस्थ्य बच्चे टीबी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते तो उनके भी टीबी संक्रमित होने की संभावना बढ़ जाती है। टीबी आनुवांशिक भी हो सकता है। ऐसे घर में जहां टीबी के मरीज



हों वहां बच्चों में संक्रमण की संभावना होती है। टीबी की उच्च दर वाले क्षेत्र में रहने वाले बच्चों में टीबी की संभावना बढ़ जाती है। टीबी की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता जरूरी है। इसके लिए टीबी के लक्षणों की जानकारी रखना महत्वपूर्ण हो जाता है।

संचारी रोग अधिकारी डॉ पंकज कुमार सिंह ने बताया टीबी माइक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु के कारण होता है। सामान्य तौर पर टीबी से फेफड़ा प्रभावित होता है। बच्चों में टीबी के साठ फीसदी मामले फेफड़ों के मिलते हैं। कम उम्र के बच्चों में बलगम नहीं बनता है। ऐसे में टीबी जांच नहीं हो पाती है। इसके लिए बच्चों के बीमार रहने संबंधी जरूरी जानकारी प्राप्त कर उनका इलाज किया जाता है। साथ ही टीबी स्किन टेस्ट किया जाता है। स्वस्थ्य बच्चों की तुलना में कुपोषित बच्चों में टीबी संक्रमण की संभावना बहुत अधिक होती है।

**टीबी के लक्षणों की जानकारी रखना महत्वपूर्ण :** बच्चों में टीबी के लक्षणों में हमेशा खांसी रहना, कमजोरी तथा शारीरिक गतिविधियों में हिस्सा नहीं लेना, वजन कम होना, भूख की कमी, बुखार और रात में पसीना चलना आदि है। बच्चों को दो हफ्तों से अधिक खांसी रहने पर उनकी जांच कराना आवश्यक हो जाता है। बच्चों में ऐसे लक्षणों के दिखने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना जरूरी है। कमजोर इम्युनिटी वाले बच्चे तथा गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर या एचआईवी से ग्रसित बच्चों को टीबी का सबसे अधिक जोखिम होता है। टीबी की पहचान होने पर उन्हें चार, छह तथा नौ माह तक एंटी टीबी दवाइयां दी जाती , जिसका नियमित सेवन करना जरूरी है। टीबी की दवा का नियमित सेवन नहीं करने पर यह रोग बच्चे पर पुनः ' हावी हो जाता है।

**टीबी की रोकथाम के लिए बीसीजी टीकाकरण:** शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मंजुल विजय ने बताया टीबी संक्रमण से बचाव के लिए बच्चों को बीसीजी का टीका दिया जाता है। यह टीबी रोकने के लिए कारगर है। यह टीका बच्चों में टीबी और मैनिनजाइटिस से सुरक्षित रखने के लिए लगाया जाता है। वैक्सीनेशन शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता और टीबी रोगाणु से लड़ने में सक्षम बनाता है। छह साल से कम उम्र के बच्चों को बीसीजी का टीका लगाया जाता है। इस टीके की सुई बच्चे को उसकी बांह के ऊपरी हिस्से में दी जाती है। शिशु के जन्म के छह माह तक बीसीजी का टीका लगाया जाना जरूरी है। टीकाकरण शिशु रोग विशेषज्ञ की निगरानी में ही कराना चाहिए। बच्चा छह साल की उम्र से कम है तो शिशु रोग विशेषज्ञ की सलाह से बीसीजी का टीकाकरण अवश्य करायें।

## एक नजर

### अनियंत्रित ऑटो ने मारी पलटी एक व्यक्ति की हुई मौत, कई लोग हुए घायल



**जहानाबाद।** टेहटा ओपी क्षेत्र के सुगांव गांव के समीप हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई हैं। जबकि आधा दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हो गए, सभी जख्मी लोगों को इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सभी घायलों का इलाज जारी है। घटना के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक ऑटो पर तकरीबन 12 लोग सवार होकर घोसी थाना क्षेत्र के उबेर गाँव से टेहटा बाजार जा रहे थे, ऑटो जैसे ही सुगांव गांव के समीप पहुंचा की विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे ऑटो से चकमा खाकर यात्रियों से भरी ऑटो अनियंत्रित हो गई और बीच सड़क पर ही पलटी मार दी, ऑटो पलटी मारने के बाद सड़क के किनारे गड्ढे में ऑटो चली गई, जिसमे ऑटो पर सवार तकरीबन आधा दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हो गए हैं। सभी जख्मी लोगो को इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने एक व्यक्ति को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया , मृत व्यक्ति उबेर के रहने वाले रमेश दास बताए जाते है। उसके साथ में उसकी बहन भी उबेर गांव से टेहटा आ रही थी बह भी जख्मी हो गई है । फिलहाल बहन का रो रो कर बुरा हाल है। और घायल सभी लोगों का इलाज जारी है।

### एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

**जहानाबाद।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर में सोमवार को एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन शिक्षाविद राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती इंदु कश्यप, सेवानिवृत्त प्राचार्य रंगनाथ शर्मा एवं कायनात इंटरनेशनल स्कूल काको के निदेशक शकील अहमद काकवी ने संयुक्त रूप से किया। जबकि वर्कशॉप का संचालन कर रहे हरिशंकर कुमार (जिला संगठन आयुक्त) ने बताया



कि आगामी सत्र 2023-24 में स्काउट- गाइड के द्वारा जिला प्रशासन निर्धारित कार्यों में सहयोग, विद्यालय में प्रशिक्षण एवं दल पंजीयन तथा विभिन्न सामाजिक कार्य करने के लिए रूपरेखा तैयार किया। वही वर्कशॉप को संबोधित करते हुए इंदु कश्यप ने कहा कि युवा राष्ट्र के भविष्य होते हैं। इन युवाओं को राष्ट्रीय प्रेरणा के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक की शिक्षा स्काउट और गाइड प्रशिक्षण में दिया जाता है। इन्होंने पर्यावरण शुद्धता के लिए एकल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। सेवानिवृत्त प्राचार्य रंगनाथ शर्मा ने कहा कि स्काउट- गाइड से प्रशिक्षित युवाओं को देश के प्रति जिम्मेवारी की शिक्षा मिलता है, यह स्वयं के साथ दूसरों के प्रति जिम्मेवारी निभाते हैं, वही शकील अहमद काकवी निदेशक कायनात इंटरनेशनल स्कूल काको ने कहा कि स्काउट- गाइड प्रशिक्षण से छात्र-छात्राओं में अनुशासन, कर्तव्य पालन, देशभक्ति की भावना जागृत होता है। सत्र 2023- 24 में शामिल 8 स्काउट, 8 गाइड के साथ विज्ञान प्रदर्शनी में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर करने वाली उत्सव प्रिया को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार उपाध्याय मानस इंटरनेशनल स्कूल जहानाबाद ने किया।

### नपं के वार्ड पार्षदों का किया गया सम्मानित

**जहानाबाद।** नगर पंचायत मखदुमपुर के सभी 19 वार्ड पार्षदों का नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान समारोह किया गया कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए हैं। मौके पर मखदुमपुर नगर पंचायत के सभी 19 वार्ड पार्षदों को अंग वस्त्र बुके एवं फूल माला देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन पूर्व मुखिया अवधेश शर्मा ने किया। वहीं कार्यक्रम में जिले के



प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश सिंह, विधायक सतीश कुमार, जिला पार्षद संगीता देवी, रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। कार्क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा के जब वो मुख्यमंत्री थे तो जहानाबाद और गया के लिए तीन सौ करोड़ रुपया स्वीकृत किया था। जिसे नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनते ही खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि मैं कुछ दिन और मुख्यमंत्री रहता तो मखदुमपुर का और विकास होता। जितने दिन मैं मुख्यमंत्री रहा इतने दिनों में मखदुमपुर में जितना हो सके उतना विकास किया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी उन्हें स्वार्थ पार्षद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### सड़क हादसे में करीब आधा दर्जन बुरी तरह घायल, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**आरा।** भोजपुर जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में करीब आधा दर्जन बुरी तरह जख्मी हो गए, जिसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां दो लोगों की स्थिति काफी चिंताजनक बताई जा रही है। पहला मामला बिहटा-बिहियां स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के जितौरा गांव के समीप रविवार को दो बाइक की आपसी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दंपति गंभीर



रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के उगना गांव निवासी मनजीत मनोहर मिश्र एवं उनकी पत्नी प्रीति मिश्र शामिल है। इसमें मनजीत मनोहर मिश्र पेशे से प्रवचन कर्ता है एवं जिले एवं अंतर राज्य में जाकर प्रवचन कहने का काम करते हैं। इधर मनजीत मनोहर मिश्र ने बताया कि उनकी पत्नी की तबीयत ठीक नहीं थी। जिसको लेकर वह बाइक से उनका इलाज कराने के लिए पीरो बाजार स्थित निजी क्लीनिक जा रहे थे।

उसी दौरान जितौरा गांव के समीप उनके आगे जा रही तेज गति की बाइक सवार ने अचानक ब्रेक ले लिया। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर उसी बाइक में जाकर टकरा गई। जिससे दोनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे जगदीशपुर थाना क्षेत्र के इसाढी मध्य विद्यालय के समीप रविवार की देर शाम दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गए।

## खबरें फटाफट

### महिला से छेड़खानी मामले में एफआईआर दर्ज

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के एक गांव में महिला से छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर पीड़ित महिला ने सोमवार को सोनवर्षा ओपी में गांव के ही एक युवक सियाराम पाण्डेय पर नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में पीड़ित महिला ने बताया है कि वह घर में अकेली रहती है। विगत रात वह अपने घर में सो रही थी। तभी नामजद युवक दीवार फांद कर उसके घर में घुस आया। घर में अकेली होने का फायदा उठा वह छेड़खानी करने लगा। पीड़ित महिला द्वारा शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग जुट गए। इधर पीड़ित महिला द्वारा शोर मचाने पर नामजद युवक भाग निकला। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। नामजद युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### विवाद में मां-बेटे की पिटाई, तीन पर केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दक्षिण टोला मोहल्ले में मामूली विवाद को लेकर मां-बेटे की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़िता दक्षिण टोला निवासी मनोज राय की पत्नी पूनम देवी ने मारपीट करने का आरोप लगाकर तीन लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि उसका पति का एक चप्पल खो गया था। चप्पल खोजने के दौरान वह अपने भसुर, देवर और ननद से चप्पल के बारे में पूछताछ की, जिससे नाराज होकर तीनों ने पीड़िता की पिटाई कर दी। जब बेटा ने बीचबचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की गयी।

# मॉक ड्रिल... कोरोना से लड़ने के लिए सदर अस्पताल में तैयारियों का किया गया आंकलन

- प्रभारी सीएस डॉ भूपेन्द्र नाथ ने तैयारियों का लिया जायजा
- जांच में सभी आवश्यक चीजें निर्धारित मात्रा में अस्पताल में मौजूद मिलीं
- कोरोना को लेकर बनाए गए 20 बेड पर आक्सीजन सिस्टम व सिलेंडरों के साथ अन्य इमरजेंसी चीजें मौजूद रहीं

**केटी न्यूज/बक्सर**



कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए स्वास्थ विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। सोमवार को बक्सर के प्रभारी सीएस डा भूपेन्द्र नाथ ने राज्य सरकार के निर्देश पर सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल कर तैयारियों को परखा। इस दौरान उनके साथ सदर अस्पताल के डीएस डा आरके गुप्ता व अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत सिंह समेत कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। मॉक ड्रिल कर सीएस ने इस बात की तस्दीक किया कि अस्पताल में कौन कौन से सुविधाएं मौजूद हैं तथा किन जरूरतों को समय रहते पूरा करना है। हालांकि मॉक ड्रिल के बाद प्रभारी सीएस ने तैयारियों पर संतोष जताया है। सीएस ने बताया कि सरकार के निर्देश पर सदर अस्पताल में ऑक्सीजन संबंधित तैयारी के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की गई है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान सभी आवश्यक चीजों निर्धारित मात्रा में अस्पताल में मौजूद थी। मॉक ड्रिल के साथ ही कोरोना को लेकर बनाए गए 20 बेड के वार्ड की जांच की गई। जहां सभी बेडों पर आक्सीजन सिस्टम व सिलेंडरों के साथ ही अन्य इमरजेंसी चीजें मौजूद थी। उन्होंने कहा कि सभी सिलेंडर आक्सीजन से भरे थे तथा बेड तक उसकी निर्बाध आपूर्ति हो रही थी। सीएस ने इस कहा कि ऑक्सीजन से संबंधित जिले में किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। मॉक ड्रिल के दौरान अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर सुचारू हालत में 86 पीस मौजूद है। इसके साथ ही ऑक्सीजन की वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 120 बड़ा सिलिंडर एवं 80 छोटा सिलिंडर भी उपलब्ध है। प्रभारी सीएस ने कहा कि सदर अस्पताल के साथ ही जिलेभर के अस्पतालों में स्वास्थ सुविधाओं को दुरूस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तैयारियों पर उनकी नजर है। मौके पर डॉ अरूण कुमार सिंह समेत अस्पताल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

**पहली व दूसरी लहर की भयावहता देख सहमें है लोग:** कोरोना का नया वेरिएंट दस्तक दे चुका है। राजधानी पटना समेत कई जगहों पर हर दिन कोरोना पॉजिटिव लोगों की संख्या बढ़ते जा रही है। पहले और दूसरे लहर में जान माल की भारी क्षति हुई थी। जिसे याद कर लोग अब भी सिहर उठते है। उस दौरान अस्पतालों में भी संसाधनों की घोर कमी थी। जिस कारण मरीजों का इलाज की बात तो दूर उन्हें भर्ती तक नहीं किया जा रहा था। आक्सीजन की कमी के कारण कई लोगों की जान चली गई थी। आलम यह था कि कोरोना से मरे लोगों की लाशे गंगा में बहानी पड़ी थी। ऐसे में नये वेरिएंट के आने के बाद लोगों को अब फिर से पुराने दिन याद आने लगे हैं।

## निवर्तमान पार्षदों के लिए निकाय चुनाव की बैतरणी को पार करना आसान नहीं

# निकाय चुनाव... जलजमाव, कूड़ा डंपिंग जैसे मुद्दों पर पार्षदों की चुप्पी पड़ेगी भारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद चुनाव की आहट मिलते ही संभावित प्रत्याशी तैयारियों में जुट गए है। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही उनकी तैयारियां और तेज हो गई है। एक तरफ पुराने पार्षद फिर से अपना परचम लहराने की कवायद कर रहे है तो कई नये चेहरे भी मैदान में हाथ अजमाने को तैयार है। इन सब के बीच समस्याओं के मकड़जाल में फंसे डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में जनता के तेवर इस बार चढ़े हुए है। लोगों के आक्रोश का सबसे बड़ा कारण मुलभूत समस्याओं का समाधान भी नगर परिषद द्वारा नहीं करना और इस पर उनके चुने हुए प्रतिनिधियों की चुप्पी है।

बता दें कि नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार व लूट खसोट के साथ सेंट्रल नाला के मिस मैनजमेंट के कारण शहर के एक बड़े हिस्सें पर वर्षों से हुए जलजमाव की समस्या हो या फिर लाखों की निकासी के बावजूद शहर के विभिन्न इलाकों में यूं ही कूड़ा डंपिंग का मामला हर मामले में अधिकतर निर्वतमान पार्षदों ने खुलकर नप प्रशासन के खिलाफ आवाज नहीं उठाया है। इसके अलावे नये इलाकों में नली, गली व पेयजल की समस्या के समाधान की बात तो दूर कोई ठोस रणनीति भी नहीं बनाई गई है। जिस कारण शहरवासियों का आक्रोश इस बार निवर्तमान पार्षदों पर भारी पड़ सकता है। **केशव टाइम्स** द्वारा उन मुद्दों को प्रस्तुत किया जा रहा है जो इस बार के नगर परिषद चुनाव में जनता के मुद्दे बन सकते है या जिस पर जबाव देने में निवर्तमान पार्षदों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।





### पांच वर्षों से जलजमाव की समस्या झेल रहे हैं कई इलाके के लोग

डुमरांव में सिवरेज सिस्टम पूरी तरह से चौपट है। इस शहर के जल निकासी के मुख्य साधन सेंट्रल नाला मिस मैंनजमैंट का शिकार हो गया है। जिस कारण एक बड़े हिस्सें में पिछले पांच वर्षों से जलजमाव हुआ है। इस कारण सैकड़ो एकड़ भूमि पर खेती नहीं हो पा रही है। कई रिहायशी इलाके भी जलजमाव से सालोभर घिरे रहते हैं। बता दें कि सेंट्रल नाला का इंड प्वाइंट सफाखाना रोड के पीछे है। जिस कारण सफाखाना रोड के संत कालोनी, अपकारी गली के पीछे, महरौरा रोड में स्थित कब्रिस्तान व उद्यान विभाग के बागीचे के साथ ही खिरौली गांव के तीन तरफ से जलजमाव हो गया है। वर्षों से पानी जमा होने के कारण उद्यान विभाग के बागीचे में लगे सैकड़ो बड़े पेड़ सूख चुके है। पिछले महीने खिरौली के नागरिकों ने नगर परिषद कार्यालय के साथ ही स्थानीय सांसद का घेराव भी इस मुद्दे पर किया था। बावजूद कोई समाधान नहीं निकल सका है। नगर परिषद के इस मनमानी पर संबंधित वार्डों के पार्षद भी चुप्पी साधे है। जिसका खामियाजा उन्हें चुनाव में भुगतना पड़ सकता है।

### नहीं हो सका कूड़ा निस्तारण का समुचित उपाय

विस्तारित क्षेत्रों को मिलाकर डुमरांव नगर परिषद हर महीने सफाई के नाम पर लगभग 40 लाख रूपए खर्च कर रहा है। लेकिन डोर टू डोर कूड़ा उठाव के बाद उसका समुचित निस्तारण का उपाय नगर परिषद प्रशासन नहीं खोज पाया है। सफाईकर्मियों द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में कूड़ा डंप किया जा रहा है। जो रहागीरों के साथ ही आस पास के लोगों के लिए परेशानी का सबव बना हुआ है। विभिन्न इलाकों के लोगों ने कई बार कूड़ा डंपिंग के खिलाफ आवाज उठाया है। लेकिन उन्हें अपने पार्षदों का साथ नहीं मिल पाया है।

**खराब हैं स्ट्रीट लाईटे:** शहर को रौशन करने के लिए लगाए गए अधिकांश स्ट्रीट लाईटें खराब पड़ी हैं। जिस कारण शाम ढलते ही शहर में घुप्प अंधेरा छा जा रहा है। वैसे स्ट्रीट लाईट लगाने में भारी पैमाने में अनियमितता बरती है।

**नये इलाकों में गंभीर है नली गली की समस्या:** डुमरांव की एक बड़ी आबादी नयें इलाकों में निवास कर रही है। टेक्सटाईल कॉलोनी, चाणक्या कॉलोनी, शिवपुरी, संत कॉलोनी, शिक्षक कॉलोनी जैसी कई अन्य कॉलोनियां पिछले एक दशक के अंदर ही अस्तित्व में आई है। इन इलाकों में तेजी से आबादी भी बढ़ी है। लेकिन किसी भी कॉलोनियों में नगर परिषद की मुलभूत सुविधाएं मयस्सर नहीं है।

## एक नजर

### जवाहर नवोदय विद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हुई कला प्रदर्शनी



**नावानगर।** जवाहर नवोदय विद्यालय नवानगर, बक्सर में सोमवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह कला प्रदर्शनी स्कूल के कला शिक्षक बसंत प्रसाद तथा प्राचार्य डॉक्टर रविंद्र झा के निर्देशन में आयोजित किया गया था। जिसका शुभारंभ प्राचार्य नेदीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। इसके बाद प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने अद्भुत कलाकृतियों का प्रदर्शन किया था जिसमें प्राकृतिक दृश्य, एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, प्रकृति के संरक्षण तथा समसामयिक विषयों पर अपनी पेंटिंग्स बनाए थे। प्राचार्य द्वारा प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कला शिक्षक बसंत प्रसाद के कुशल निर्देशन में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक विवेकानंद भारती, विनोद कुमार उपाध्याय, धीरज रानी, सरोजा छेत्री, पी अवस्थी, शशि भूषण राम, ममता सिंह, मयंक राय आदि शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किए और संबोधित किया।

### झोपड़ीनुमा घर में अगलगी में वृद्ध समेत तीन मवेशी झुलसे, सीओ बोले-मिलेगा उचित मुआवजा

**चौसा।** मुफ्सिल थाना क्षेत्र के चौसा में सोमवार की शाम एक झोपड़ीनुमा घर में अगलगी की घटना हो गई। इस घटना में एक वृद्ध, तीन मवेशी समेत हजारों की संपति जल गई है। आगली की यह घटना चर्चित पहलवान पिंटू नट के घर में हुई है। बताया जाता है कि घटना के वक्त उनका पूरा परिवार खेत में गेहूं काटने गया था। इसी दौरान अचानक शॉर्ट सर्किट से उनके झोपड़ी में आग लग गई। आग लगते देख पिंटू पहलवान के पिता टेंगा नट झोपड़ी में बंधी भैंसों को बचाने के प्रयास में आग की लपटों के बीच अंदर चले गए। जिससे वे भी बुरी तरह से झुलस गए है। वही उनकी तीन पालतू भैंस भी जल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही चौसा सीओ मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिए। उन्होंने कहा कि पीड़ितो को उचित मुआवजा दिया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ सिकरौल थाना क्षेत्र के नारायणपुर व कमधरपुर गांव के बधार में दोपहर अचानक हुई अगलगी में करीब 20 एकड़ में लगी गेहूं की खड़ी फसल जल गई है।



### नाबालिग चोर को किया पुलिस के हवाले

**नावानगर।** स्थानीय थाना के परमानपुर दलित बस्ती में एक नाबालिग चोर को ग्रामीणों द्वारा पकड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। बाद में ग्रामीणों ने उक्त चोर को पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़ा गया नाबालिग चोर एक घर में घुसकर चोरी कर रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार परमानपुर गांव के निवासी काशी राम का परिवार सोमवार की दोपहर घर के मुख्य दरवाजा सटाकर पास में गेहूं कटाई कर रहा था। तभी उक्त नाबालिग घर में घुसकर आलमीरा व बक्सा का ताला खोल कर सामान निकालने लगा। इसी बीच गृहस्वामी घर का दरवाजा खुला देखकर दौड़े-दौड़े आए। उन्होंने जब घर के अंदर झांककर देखा तो नाबालिग द्वारा आलमीरा व बक्सा से सामान चुराया जा रहा था। इसके बाद गृहस्वामी ने नाबालिग चोर को पकड़कर इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस उसे अपने साथ थाना ले आई। पकड़ा गया नाबालिक चोर सोनवर्षा गांव का रहने वाला है। जिसे कोर्ट में प्रस्तुत कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

### कैलेंडर से गायब है बिहार को गढ़ने वाले कई विभूतियों का नाम, भाजपा नेता ने जताया आक्रोश

**बक्सर।** शिक्षा विभाग द्वारा निपुण बिहार के अंतर्गत जारी किए गए स्वतंत्रता सेनानियों व विभूतियों के कैलेंडर में कई अग्रणी विभूतियों व स्वतंत्रता सेनानियों का नाम गायब है। जिसे भारी भूल बताते हुए भोजपुरी जन विकास परिषद के संयोजक एवं भाजपा नेता पुनीत सिंह ने इसमें सुधार की मांग बिहार सरकार के शिक्षा विभाग से की है। पुनीत ने बताया है कि निपुण बिहार के अंतर्गत देश के स्वतंत्रता सेनानियों और बिहार के विभूतियों पर केंद्रित एक कैलेंडर तैयार किया गया है। कैलेंडर में एक भाग में देश के 20 स्वतंत्र सेनानियों और दूसरे भाग में बिहार की 16 विभूतियों का उनके जिले के साथ नाम और फोटो डाला गया है। ताकि कक्षा में जब बच्चें बार-बार इन्हें देखेंगे तो बच्चों को इन महापुरुषों का नाम और चित्र है। विभाग द्वारा विभूतियों व स्वतंत्रता सेनानियों के संबंध में भावी पीढ़ी को बताने तथा उनके जेहन में इनके योगदान को संजोने के लिए ऐसा कैलेंडर तैयार किया गया है। लेकिन इस कैंलेंडर में बक्सर जिले के मुरार निवासी महान विभूति डा सच्चिदानंद सिन्हा, चौगाई निवासी शेरे बिहार की उपमा से विभूषित त्सरदार हरिहर सिंह तथा स्वतंत्रता आंदोलन के वीर नायक भारत माता के लिए सबसे कम उम्र में फांसी पर चढ़ने वाले वीर शहीद खुदीराम बोस का नाम शामिल नहीं होना शिक्षा विभाग के कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

# बिजली बिल की बढ़ती दर के खिलाफ लोजपा ने दिया धरना, दाम में 30% कटौती की मांग

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बिहार में बढ़ी बिजली दर के खिलाफ लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के बैनर तले जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने किया। धरना को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार की बिजली दर सबसे अधिक है। जिससे आम आवाम, किसान और मजदूर परेशान हैं। उनके मांग पत्र में बिजली के दामों में 30 प्रतिशत कटौती करने, बीपीएल परिवार को प्रतिमाह 150 यूनिट बिजली मुफ्त देने एवं बिजली बिल में गड़बड़ी की शिकायत को दूर करने सहित 17 अन्य मांग सरकार से किया गया। धरना कार्यक्रम में जिला युवा महासचिव जितेंद्र पासवान, प्रखंड संसदीय बोर्ड अध्यक्ष चंदन दुबे, प्रखंड छात्र संघ अध्यक्ष विकास पासवान, आईटी सेल अंकित पासवान, किसान प्रकोष्ठ राजधान पासवान, रितेश पाल, शिवजी पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सामिल थे।

**बिजली के नाम पर अवैध वसूली बंद करे सरकार:** लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि बिहार सरकार बिजली के नाम पर अवैध वसूली बन्द करे। साथ ही स्मार्ट मीटर के नाम पर रीडिंग सर्टिफिकेट लगे बिजली का बिल 30 प्रतिशत माफ हो। प्रत्येक बीपीएल परिवार को 150 यूनिट बिजली मुफ्त मिले। जनता के गलत नीतियों से समाज का सभी वर्ग के लोग त्रस्त हैं।

पार्टी के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी राजू रंजन उर्फ सोनू ने कहा कि बिहार की जनता बेलगाम निरंकुश सरकार से निजात पाने के लिए विकासवादी सोच वाले व्यक्ति चिराग पासवान की ओर देख रही है।

### मां के साथ डुमरांव आयी किशोरी रिश्तेदार संग फरार

**डुमरांव।** अपने मां के साथ डुमरांव बाजार में खरीदारी करने आयी एक किशोरी का एक रिश्तेदार के साथ फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में किशोरी की मां ने स्थानीय थाना में रिश्तेदार के खिलाफ किशोरी को भगाने का आरोप लगाते हुए नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। किशोरी डुमरांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। जबकि आरोपी रिश्तेदार रौशन इटाढ़ी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार बताया जाता है कि किशोरी अपने मां के साथ गोला रोड में समानों की खरीदारी कर रही थी। इसी दौरान मौका पाकर वह फरार हो गयी। खोजबीन के दौरान जब किशोरी के परिजनों को जानकारी मिली तो वे अपने रिश्तेदार के घर इटाढ़ी पहुंचे जब किशोरी के बारे में जानकारी मांगी तो परिजनों ने गाली-गलौज दे कर वहां से भगा दिया।

# बक्सर के नये डीएम अंशुल अग्रवाल ने संभाला पदभार



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के नये डीएम अंशुल अग्रवाल ने सोमवार की शाम समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। नव पदस्थापित डीएम को निवर्तमान डीएम अमन समीर ने पदभार ग्रहण कराया। इसके बाद डीएम अंशुल ने समाहरणालय परिसर में उपस्थित वरीय पदाधिकारियों एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को ससमय पूरा कराना होगा। वहीं ज्वलंत मुद्दों के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। कहा कि वे सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं। बता दें कि डीएम अंशुल अग्रवाल 2016 बैच के आईएस अधिकारी हैं तथा बतौर डीएम बक्सर जिले में उनकी पहली पोस्टिंग है। वहीं निवर्तमान डीएम अमन समीर भी पहली पोस्टिंग में ही बक्सर के डीएम बने थे। अब उन्हें छपरा का डीएम बनाया गया है। माना जा रहा है कि वे मंगलवार को छपरा प्रस्थान करेंगे।

## जदयू की ओर से बक्सर और डुमरांव में आयोजित किया गया भीम संवाद, बाबा साहब की जयंती पर गांव गांव होगा संवाद

# बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है मुख्य उद्देश्य: संतोष निराला

**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव**



संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने तथा उसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए जदयू ने सोमवार को भीम संवाद का आयोजन किया। यह संवाद बक्सर तथा डुमरांव दोनों अनुमंडल में आयोजित किया गया। बक्सर में आयोजित जन संवाद में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह जदयू अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष निराला उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने समाज के दलित शोषित वर्ग के उत्थान का सपना देखा था जिसे नीतीश कुमार पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। पूर्व मंत्री ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंति पर जदयू प्रत्येक गांव व टोलों में भीम संवाद आयोजित कर जन-जन तक बाबा साहेब के विचारों को पहुंचाएगी तथा उसे आत्मसात करने की प्रेरणा देगी। मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी, पूर्व विधायक ललन पासवान, अरूण माझी, प्रभुनाथ राय, रेणु कुमारी के साथ ही शाहाबाद क्षेत्र के कार्यक्रम प्रभारी राजकिशोर, व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

**डुमरांव में संवाद:** वहीं दूसरी तरफ डुमरांव के जंगलीनाथ शिवमंदिर परिसर में जदयू का भीम संवाद आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष टुन्ना राम व संचालन प्रखंड अध्यक्ष अजय चंद लोदी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री संतोष निराला ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती पर गांव गांव में यह संवाद आयोजित कर जदयू लोगों देश के प्रति बाबा साहब के योगदानों को बताने के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास तथा दलितों, वंचितों के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं को बताया जाएगा। वही पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में विकास की रौशनी फैलाई है।

## नगर पालिका गाजीपुर सहित अन्य नगर निकायों में उम्मीदवारों ने झोंकी अपनी ताकत

# वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली एवं जौनपुर में चार मई को प्रथम चरण का मतदान, 13 को मतगणना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

राज्य निर्वाचन आयोग ने रविवार की शाम चुनाव की तिथि घोषित कर दी। ऐसा होते ही नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में चुनावी बयार एकाएक तेज हो गई है। निर्वाचन आयोग ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी है कि वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली और जौनपुर में प्रथम चरण में चार मई को निकाय चुनाव होगा। जिलाधिकारी द्वारा भी इसकी सार्वजनिक सूचना जारी कर दी गई है। वहीं, निकाय चुनाव की तिथि घोषित होते ही चहुंओर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। अब नगर पालिका गाजीपुर सहित अन्य नगर पालिका व नगर पंचायतों में भावी उम्मीदवार अपनी पूरी ताकत झोंकने में जुट गए हैं। मतदाताओं को अपनी तरफ मोड़ने के लिए उम्मीदवार और समर्थक डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर रहे हैं।

इस बार सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी की निगाह खासकर दो सीटों पर है। एक वह जो लंबे समय से भाजपा के कब्जे में है तथा दूसरी वह जहां अभी तक भाजपा का खाता ही नहीं खुला है। इन सीटों के लिए उम्मीदवार अभी से राजनीतिक गोटी बिछाने में जुट गए हैं। 11 से 17 अप्रैल तक नामांकन पत्रों की बिक्री होगी। 18 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

**अधिसूचना जारी होने के साथ होडिंर्गो व पोस्टरों पर चला बुलडोजर :** निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही नगरपालिका और नगर पंचायतों के बुल्डोजर नगर में लगे सभी राजनीतिक दलों व नेताओं के होर्डिंग, पोस्टर हटाने लगे हैं। सोमवार को दोपहर तक सभी होर्डिंग, पोस्टरों को बुल्डोजर व अन्य संसाधनों से हटा दिया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि समस्त थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर बाजारों, मुख्य मार्गों, चौराहों व गलियों में लगाए गए बैनर, पोस्टर व प्रचार सामग्री को हटा दिया गया है। जनपद के समस्त मुख्य मार्गों, एंट्री प्वाइंटों पर बैरियर लगाकर पिकेट प्वाइंट बनाकर पर्याप्त पुलिस बल के द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों आदि की सघन चेकिंग कराई जा रही है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



**नपा और नपं का नामांकन संबंधित एसडीएम कोर्ट में होगा :** जिलाधिकरी आर्यका अखौरी ने सोमवार को एसडीएम सदर के कोर्ट व कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नगरपालिका गाजीपुर और नगर पंचायत जंगीपुर का नामांकन एसडीएम सदर कोर्ट में 11 अप्रैल से शुरू होगा। डीएम ने बताया कि नगर पंचायत सैदपुर का नामांकन एसडीएम सैदपुर के कोर्ट में, नगर पंचायत सादात का नामांकन एसडीएम जखनियां के कोर्ट में, नगरपालिका मुहम्मदाबाद का एसडीएम मुहम्मबादा के कोर्ट में, नगर पंचायत बहादुरगंज का एसडीएम कासिमाबाद के कोर्ट में, नगरपालिका जमानियां का एसडीएम जमानियां के कोर्ट में और नगर पंचायत दिलदारनगर का संबंधित एसडीएम के कोर्ट में नामांकन होगा।

## सपा व भाजपा में सीधी टक्कर होने की संभावना अध्यक्ष व सभासद प्रत्याशियों का जनसंपर्क शुरू

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

निकाय चुनाव का अधिसूचना जारी होते ही नगरपालिका मुहम्मदाबाद पूरे चुनावी रंग में रंग गया है। राजनीतिक दलों के भावी अध्यक्ष व सभासद प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क शुरू कर दिए हैं। मुहम्मदाबाद नगर में बस बात सबकी जुबान पर है कि तीन दशकों से चला आ रहा अंसारी बंधुओं का नगरपालिका मुहम्मदाबाद के अध्यक्ष पद पर कब्जा इस बार भाजपा खत्म कर दूसरी बार नगरपालिका पर भगवा लहराने में कितना कामयाब हो पाएगी। जबकि योगी राज में अंसारी बंधुओं पर लगातार सिकंजा कसता जा रहा है। कुर्की के बाद अब जेल भेजने का अभियान शुरू हो गया है। भाजपा सरकार के तेवर के सामने अंसारी बंधुओं के समर्थक भी उनसे कन्नी काटने लगे हैं। जो लोग हमेशा अंसारी बंधुओं का जयकारा लगाते थे अब फाटक पर जाने में कतराने लगे हैं। ऐसे माहौल का भाजपा कितना फायदा उठा सकती है।

मुहम्मदाबाद के प्रथम नपा अध्यक्ष याहिया खां थे इसके बाद समाजसेवी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभानुल्लाह अंसारी चेयरमैन बने, उनके बाद 17 वर्षों तक नगरपालिका मुहम्मदाबाद का चुनाव नही हुआ। 1988-89 में एजाजुल हक मुहम्मदाबाद नगरपालिका के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। 1995 में भाजपा के टिकट पर शांति देवी पत्नी विंध्याचल नेता अध्यक्ष बनीं। शांति देवी भाजपा की पहली नगरपालिका अध्यक्ष हैं। सन्‌ 2002 में 2007 में लगातार दो बार शमीम अहमद अध्यक्ष निर्वाचित हुए। 2012 में फिर एजाजुल हक अध्यक्ष निर्वाचित हुये। 2017 में तीसरी बार शमीम अहमद अध्यक्ष निर्वाचित हुए। मुहम्मदाबाद में कुल 32324 मतदाता हैं, जिसमे 17015 पुरुष व 15309 महिला मतदाता हैं। निकाय चुनाव 2023 में सपा और भाजपा में सीधी टक्कर दिखाई दे रही है। सपा से शमीम अहमद , आमीर हमजा, रईस अहमद टिकट मांग रहे हैं। वहीं भाजपा से तेजू यादव, दीपू गुप्ता, त्रिलोकी नाथ गुप्ता, राकेश मद्देशिया उर्फ सोनू और बसपा से लालजी मास्टर टिकट के लिए प्रबल दावेदार हैं।

### बीजेपी में टिकट बंटवारे को लेकर मंथन जारी

**गाजीपुर।** निकाय चुनाव को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड में रखा गया है। पूर्वांचल के दिग्गज नेताओं एवं मंत्रियों की टिकट बंटवारे को लेकर सोमवार को प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने बैठक बुलाई है। इसे लेकर गाजीपुर जनपद के भावी उम्मीदवार की उहापोह की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी सायंकाल सभी मंत्रियों की बैठक लेंगे। जिसमें बीजेपी उम्मीदवारों के टिकट को लेकर चिंतन मंथन व खुलकर चर्चा की जाएगी। साथ ही अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश में पार्टी प्रत्याशियों को चुनाव जिताने पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी मंत्री अपनी -अपनी राय रखेंगे। ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने का भाजपा का लक्ष्य सभी मंत्रियों को दिया गया। अहम जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के कंधों पर होगी।




## शार्ट सर्किट से लगी आग से 13 बीघा में गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख

**केटी न्यूज/बलिया**

जिले के नरहीं थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव के बाहर मैदनवा मौजा में बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में 13 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख हो गई। जिसमें किसानों का लाखों का नुकसान हो गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी तो आई थी, लेकिन घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाई थी। नरहीं गांव के बाहर मैदनवा मौजा में सोमवार पूर्वाह्न में बिजली के शार्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई पछुआ हवा होने के कारण आग तेजी से दूसरे खेतों में फैलने लगी ग्रामीणों के तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया तब तक उमेशचंद्र राय, अनिल राय, जगदीश राय,रामव्यास राय, विनोद राय, बब्लू राय, अंशुमान, रामनारायण राय, रघुनाथ यादव की खड़ी गेहूं की 13 बीघा फसल जल कर राख हो गई सूचना पर नरहीं पुलिस भी पहुंच गई लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच पाई वजह रास्ता नहीं होना था इस अग्नि कांड में किसानों का लाखों का नुकसान हो गया है।

## तीन दवा दुकानों से लिये 13 नमूने

**बलिया।** औषधि निरीक्षक सिधेश्वर शुक्ल ने सोमवार को एक जनऔषधि केन्द्र सहित तीन दवा की दुकानों से तेरह नमूने लिये। सभी नमूनों को जांच के लिये प्रयोगशाला भेजा गया है। औषधि निरीक्षक श्री शुक्ल तिखमपुर स्थित जनऔषधि केन्द्र से 6, डीएनपी कटरा विशुनीपुर स्थित अंजू मेडिकल एजेन्सी से तीन व श्रीअंश मेडिकल एजेन्सी से चार दवा के नमूने लिये। इस दौरान जनऔषधि पर सफाई नही मिलने पर नाराजगी जताई। श्री शुक्ल ने बताया कि सभी नमूनों को जांच के प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

## एक ही रात में दो घरों में चोरी, पांच लाख नगदी सहित 50 लाख के सामान ले उड़े चोर

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के छितौनी गांव के नई कालोनी में रविवार की रात दो घरों के दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोरों ने 50 लाख से भी अधिक नकदी और आभूषण सहित अन्य कीमती सामानों पर हाथ साफ किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी है। चोरी की इस घटनाओं से दोनों परिवार के लोगें में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि रविवार की रात्रि को कालोनी के दो परिवार सुनील वर्मा व संजय सिंह का परिवार घर से बाहर गया हुआ था। चोरों ने दोनों घरों की कुंडी का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर गए। चोर सुनील वर्मा के घर के सभी कमरों को खोलकर उसमें रखे बक्से, अटैची व आलमारी को खंगाला और उसमें रखे सोने चांदी के कीमती जेवरात, कपड़े तथा लगभग पांच लाख नकदी सहित लगभग 40 लाख के रुपए के सामानों को समेटा और निकल भागे। ठीक उसी समय चोरों के दूसरे गिरोह ने सुनील वर्मा के घर के निकट ही संजय सिंह की मकान के दरवाजे की कुंडी को तोड़ते हुए अंदर घुसे और दो आलमारी, ट्राली बैग, अटैची को तोड़कर उसमें रखे 60 हजार नकद सहित सोने चांदी के जेवरात सहित लगभग 10 लाख रुपए के सामान लेकर चंपत हो गये। दोनों परिवारों को इसकी जानकारी सुबह जगने पर सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की कार्रवाई शुरू कर दी।



- एक साथ दो घरों में चोरी की घटना से सख्ते में लोग
- छानबीन जारी, जांच में जुटी पुलिस

### सात दिनों में तीसरी घटना: चारों ने उड़ाई 50 मुर्गियां

बलिया। बलिया थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में सात दिनों में चोरों ने तीसरी चोरी घटना को अंजाम दिया है। ताजा मामले में चोरों नेपचास मुर्गों पर हाथ साफ कर दिया है। बताया जाता है कि रविवार की रात में दरियापुर गांव निवासी कमलेश राजभर दरबे में रखें पचास मुर्गों को चोरों ने गायब कर दिया है इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। चोरी की घटनाओं से लोगों में आक्रोश व्यापत है। लोगों ने बताया कि पहली घटना तीन अप्रैल को हुई थी। उसके चार दिनों बाद चोरों ने एक ही रात में चार घरों में चोरी का प्रयास किया था। लेकिन, एक ही घर में सफलता मिली। जहां विश्वामित्र सिंह के घर में चोर कमरे में घुस कर एक बक्से में रखा डेढ़ लाख का जेवर व चार हजार रूपया नगद गायब करने के बाद चोर तेज बहादुर सिंह के घर से अटैची गायब करने में सफल रहे।

## दहेज पीड़िता को लेकर जिलाधिकारी से मिले एआईएमआईएम के पदाधिकारी

**बलिया।** एआईएमआईएम के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान के नेतृत्व में कार्यकर्ता सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से मिले। इस दौरान प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने बताया कि रेपुरा निवासी सुशीला गुप्ता जो कि काफी दिनों से पीड़ित है तथा दर-दर की ठोकरें खा रही है, लेकिन अभी तक सुशीला गुप्ता न्याय नहीं मिला है। बताया गया कि सुशीला गुप्ता को उसके ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया है। इसको लेकर सुशीला गुप्ता बीते दिनों कोतवाली से लगायत एसपी से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन अभी तक उन्हें इंसाफ नहीं मिला। इस दौरान पार्टी ने चेतावनी दिया कि यदि जल्द से जल्द सुशीला गुप्ता को न्याय नहीं मिला तो पार्टी वृहद स्तर पर आंदोलन का शंखनाद करेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राकेश कुमार, मोहम्मद नसीम खान, कालिका प्रसाद, महताब आलम आदि मौजूद रहे।



## वर्ष 2023-24 के लिए वरिष्ठ रणजी खिलाड़ी कमलकांत कन्नौजिया ने सभी खिलाड़ियों का लिया ट्रायल

# गाजीपुर व बलिया के अंडर- 19 वर्ग महिला और पुरुषों का ट्रायल संपन्न

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन गाजीपुर के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से प्राप्त अनुमति तथा निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पालन कर अंडर -19 तथा अंडर- 16 का ट्रायल शुरू हो गया है। ट्रायल के पहले दिन नेहरु स्टेडियम गोरा बाजार में गाजीपुर एवं बलिया का अंडर- 19 वर्ग के महिला और पुरुषों का ट्रायल सम्पन्न हुआ। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अधिकृत वरिष्ठ रणजी खिलाड़ी कमलकान्त कनौजिया ने बतौर चयनकर्ता सभी खिलाड़ियों का ट्रायल लिया। सम्पूर्ण ट्रायल के दौरान प्रतिभागी खिलाड़ी के खेल कौशल की बारीकियों का मूल्यांकन करते हुए बलिया व गाजीपुर के खिलाड़ियों को चयनित किया गया।



इस मौके पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल के सदस्य संजीव कुमार सिंह ने गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह तथा आयोजन समिति के सदस्य वैभव सिंह, रंजन सिंह, संजय यादव तथा उनकी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ की तैयारी को देखते हुए स्पष्ट हो रहा है कि मंडल में ट्रायल के प्रति संजीदगी का इससे बेहतर उदाहरण बहुत ही कम देखने को मिलता है। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि कई अवसरों पर कई जगह कुछ लोगों द्वारा पूर्वांचल क्रिकेट की मांग के जवाब में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल के सदस्य तथा गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पूर्वांचल के खिलाड़ियों के विकास के लिए पहले से ही प्रयासरत है। हम सभी का लक्ष्य क्रिकेट को लोकप्रिय बनाते हुए खेल जगत में सर्वोच्च पायदान पर पहुंचाना है। इसके लिए गाजीपुर मंडल का मैंने तथा गोरखपुर मंडल का जीएम तिवारी तथा देवरिया मंडल का इंदु प्रकाश ने उत्तरदायित्व लिया है। हम सभी का प्रयास रहेगा कि पूर्वांचल के खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर मिल सके। जनपद से बाहर ट्रायल में महिला खिलाड़ी की कमी का विश्लेषण करने पर मैंने पाया कि अधिकांश महिलाएं अन्य जनपदों में ट्रायल देने से हिचकती हैं। इसलिए महिला खिलाडियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यरत सीईओ अंकित चटर्जी व ऑपरेशन विभाग के विवेक तथा सिद्धार्थ से समन्वय कर इस वर्ष मऊ जनपद का ट्रायल मऊ में कराए जाने की सूचना दे दी थी। इसकी उन्होंने भी सराहना की। हमारा प्रयास है कि भविष्य में जनपद का ट्रायल भी बलिया में ही कराया जाए।

इस अवसर पर अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पूर्वांचल के खिलाडियों का दिन प्रतिदिन क्रिकेट से बढ़ते लगाव को देखते हुए वरिष्ठ रणजी खिलाड़ी कमलकांत कनौजिया ने आईपीएल में व्यस्त होने के बावजूद यहाँ के खिलाडियों के हितों को ध्यान में रखते हुए ट्रायल के लिए तीन दिन का समय निकाला है। इसके लिए मंडल की तरफ से हम सभी उनके आभारी रहेंगे। आज ट्रायल के पहले दिन भाग लेने वाले खिलाडियों ने अनुशासन में रहते हुए अपना बेहतर खेल प्रदर्शन किया। इसी क्रम में कल यहीं नेहरु स्टेडियम गाजीपुर और बलिया के अंडर -16 वर्ग के महिला-पुरुष खिलाडियों का ट्रायल कराया जाएगा। इस संबंध में अध्यक्ष शाश्वत सिंह तथा मुख्य संरक्षक संजीव कुमार सिंह ने जानकारी दी।

## एक नजर

### बलिया में युवक ने गंगा में लगाई छलांग

**बलिया।** जनपद के नरहीं थाना क्षेत्र में सोमवार को एक युवक ने वीर कुंवर सिंह सेतु से गंगा में छलांग लगाई। जिसको गांव के ही लोगों ने देख लिया। इसकी सूचना परिजनों सहित पुलिस को दिया गया, लेकिन शाम तक शव बरामद नहीं किया जा सका। थाना क्षेत्र के बघौना गांव निवासी राजेश राम का पुत्र नीतीश कुमार 20 वर्ष सुबह घर से बिना बताए ही घर से निकला। जिसके बाद उसने गंगा भरौली बक्सर को जोड़ने वाले वीर कुंवर सिंह सेतु से सीधे गंगा नदी में छलांग लगा दी। इस दौरान पुल पर आने जाने वाले राहगीरों ने इस खौफनाक मंजर को अपनी आंखों से देखा। मौके पर बघौना गांव के कुछ युवकों ने नीतीश को पहचान गए। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत भरौली पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी। तब तक युवक के परिजन भी पहुंच गए। काफी देर बाद परिजनों ने स्वयं गोताखोर बुलाकर शव खोजने में जुटे रहे, लेकिन शाम तक शव बरामद नहीं हुआ। गंगा तट पर गांव के लोगों की भीड़ जुटी रही। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि युवक के शव को ढूंढने में पुलिस रवैया गैर जिम्मेदाराना रहा। हालांकि, अब तक नदी में छलांग लगाने के कारण स्पष्ट नहीं हैं।



### कुएं में मिला अज्ञात युवक का शव

**मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के कसारा गांव के सिवान में एक 30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव कुएं में मिला। जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। कसारा गांव निवासी संजय राय एडवोकेट के खेत में सोमवार की सुबह खेत में कटे गेहूं का बोझ बांध कर मजदूर घर जा रहे थे। खेत के पास ही पुराना कुआं है। जो पीपल के पेड़ से घिरा है। इस बीच मजदूर संजय राजभर अपनी बकरी के लिए पीपल के पेड़ से पत्ता तोड़ने गया। जहां उसने कुएं में देखा की किसी का शव पड़ा है। मजदूर ने इसकी जानकारी तुरंत खेत मालिक संजय राय को दी। मौके पर पहुंचकर खेत मालिक संजय राय ने कुएं में शव देख इसकी जानकारी कोपागंज थाना को दी। कोपागंज थाना प्रभारी आरएन पान्डेय ने अपने हमराहियों के साथ कसारा गांव पहुंचे। जिसके बाद बड़ी मुश्किल से कांटे और रस्सी के सहारे शव बाहर निकाला गया। शव लगभग 80 प्रतिशत सड़ चुका था। शव पहचान में नहीं आ रहा था। शव के दाहिने हाथ में एक घड़ी थी जो अभी तक चल रही थी। जिसको लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही है। मौके पर दो देशी शराब की बोतल पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में सीओ घोसी उमाशंकर उत्तम ने बताया कि शव काफी पुराना लग रहा है शव को 72 घंटा पोस्टमार्टम हाउस में रखकर पहचान कराने का प्रयास किया जाएगा।



### धूमधाम से मनाया गया कॉलेज का वार्षिकोत्सव

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के ग्राम सुरहूरपुर स्थित एपीवीपी स्मृति बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मिजार्पुर जनपद के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वायु नंदन मिश्र ने छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। मौके पर कक्षा 6 से 8 तक के चार चार बच्चों को मां भगवती छात्रवृत्ति योगिता पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं अन्य विद्यार्थियों को भी दिल्ली में कार्यरत आईएएस अधिकारी प्रवीण तिवारी के सौजन्य से छात्रवृत्ति योगिता पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी गई। इस दौरान टाउन इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र दुबे, सुरेश पाठक, अजीत तिवारी, संजय तिवारी, राम दरस यादव, संतोष श्रीवास्तव, आशुतोष राय, विनय श्रीवास्तव, चंदन उपाध्याय, सुधाकर राय, धर्मदेव यादव, डॉ प्रमोद शुक्ला आदि मौजूद रहे। अंत में स्कूल के प्रबंधक असीत पाठक ने आए हुए लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



### कूड़े में आग लगाने पर होगी कार्रवाई: अपर निदेशक

**मऊ।** जिला मुख्यालय में रविवार की शाम पशु कल्याण नगरीय निकाय निदेशालय लखनऊ के अपर निदेशक डॉ असलम अंसारी ने नगर पंचायत मुहम्मदाबाद गोहना में पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगरीय क्षेत्रों के लिए सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं एवं नगर में साफ-सफाई, कूड़ा डंपिंग, आदि की जानकारी प्राप्त की। जहां कमियां पाए जाने पर उन्होंने नगर पंचायत के कर्मचारियों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। कहा कि कूड़ा में आग न लगाएं। उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय का साफ सफाई दस्तावेजों के रखरखाव का निरीक्षण किया। सरकार द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान के अंतर्गत कचरे को डोर टू डोर उठाए जाने के साथ साथ सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। मुहम्मदाबाद-घोसी मुख्य मार्ग पर फेंके गए कूड़े में आग लगाए जाने पर अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि नगर पंचायत द्वारा जो भी कूड़े फेंके जा रहे, उसमें आग न लगाई जाए। कूड़ों को डंपिंग ग्राउंड बनाकर डंप किया जाए। अगर कूड़े में आग लगाई जाती है तो संबंधित कर्मचारी के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरन नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राम समुख, शैलेंद्र श्रीवास्तव उर्फ गुंजन एवं महेंद्र चौहान आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### आर्थिक सहायता पाने हेतु खिलाड़ी करें आवेदन

**मऊ।** जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि उदीयमान एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों का प्रोत्साहन तथा संवर्धन हेतु खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता दिये जाने हेतु एकलव्य क्रीड़ा कोष का गठन किया गया है। जिसके अन्तर्गत खिलाड़ियों को पांच लाख रुपए तक की धनराशि की आर्थिक सहायता दी जाती है। वित्तीय सहायता/फेलोशिप नियम-9 के प्रावधानों के अध्यधीन एकलव्य क्रीड़ा कोष के अन्तर्गत वित्तीय सहायता/फेलोशिप निम्न मामलों में दिये जा सकेंगे। सम्बद्धता प्राप्त खेल संघों द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं/चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने हेतु। मान्यता प्राप्त खेलों के प्रशिक्षण हेतु ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक से देश एवं विदेश में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु। उपरोक्त दोनों बिन्दुओं के निमित्त यात्रा करने, शुल्क, भोजन एवं आवास (सम्बन्धित संस्था द्वारा निर्धारित शुल्क) पर होने वाला व्यय। योजना से आच्छादित उदीयमान एवं पदक विजेता खिलाड़ियों को खेल प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण के दौरान लगने वाली चोट के उपचार हेतु भी भत्ता दिया जाता है।